## खबर संक्षेप

### मतगणना के संबंध में मीडिया कर्मियों के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडियाकर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक एक मोबाइल,कैमरा, लैपटॉप,ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडिया कर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टिल कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान व्यक्तिगत सीयू,वीवीपैट या मतपत्र पर दर्ज किए गए मतदान की तस्वीर खींचना प्रतिबंधित है। मीडियाकर्मी सीमित संख्या के बैच में स्कॉट ऑफिसर्स के साथ ही मतगणना कक्ष का भ्रमण करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पासधारी मीडिया कर्मियों को ही मतगणना स्थल,मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

### विधायक ने सुनी क्षेत्र से आए हुए लोगों की समस्याएं



**मैहर।** विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं को लेकर ग्रामीणजन विधायक से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे जहां पर विधायक ने सभी की समस्याओं को सुना। लोगों को आश्वस्त किया कि समस्या हो तो समाधान के लिए परेशान नहीं होना है बल्कि वे सीधे तौर पर उनसे मिलें।आमजनों के कार्य के लिए वे हर समय तत्पर मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीण स्तर की समस्याओं को भी जाना। कहा कि विकास को लेकर किसी भी स्थिति में कोई समझौता नहीं होगा। सरकार की ओर से आमजनों के लिए चलाई जाने वाली योजना का लाभ सीधे तौर पर उन तक पहुँचेगा।

### मैहर नगर की जनता को शीघ्र ही मिलेगा केजेएस का पानी

**मैहर।** मैहर नगर की जनता आज दशकों से पानी के संकट को झेल रही है जिसके चलते गत दिवस नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी के द्वारा केजेएस सीमेंट के स्टॉक से पानी टमस नदी तक लाने और शहर में जलापूर्ति करने हेतु जो कार्य शुरु किया गया था उसकी प्रगति पर कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा अंड़गा डालना शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात असमाजिक तत्वों के द्वारा पाइप में आग लगा दी गई जिसमें करीब 100 मीटर की पाइप लाइन जल कर राख हो गई। जबकि बताया जा रहा है कि पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका था, लेकिन बीती रात को कुछ उपद्रवियों व चोरों ने करीब 30 हजार रुपये व करीब 100 मीटर की पाइप लाइन जला दी गई है। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद आज सुबह मैहर पुलिस को इसकी लिखित सूचना देने के बाद नपा मैहर ने पाइप का काम पूरा कर मोटर जोड़ने का काम चालू कर दिया गया है। श्रीमती सोनी ने बताया है कि रात तक पानी टमस में पहुंच जाएगा। इस पहल की शहरवासियों में बड़ी उत्सुकता है कि केजेएस का पानी कब हमारे नलों में पहुंचेगा।

### सड़क पर उतरी महिलाएं, निकाला गया मशाल जुलूस

# लड़की लापता होने पर विहिप-बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन





**सतना।** विगत दिवस लव जिहाद के मामले का शिकार हुई लड़की के वन स्टाप सेंटर से लापता हो जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने इस मामले में मोर्चा खोल दिया है। संगठन से जुड़ी महिलाएं भी सड़क पर उतर आई हैं। एक मुस्लिम युवक के चंगुल से पिछले दिनों मुक्त कराई गई लड़की के वन स्टॉप सेंटर से लापता हो जाने के मामले में विहिप और बजरंग दल ने आक्रामक रुख अपनाते हुए आंदोलन की राह पकड़ ली है। संगठनों ने वृहद बैठक कर जिले भर में विरोध प्रदर्शन की शुरुआत कर दी। सोमवार को संगठन की मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी से जुड़ी महिलाओं और युवतियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और प्रशासन तथा पुलिस पर गैर जिम्मेदाराना तरीका अपनाने का आरोप लगाया। सड़क पर नारेबाजी करती महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं। जहां उन्होंने एसडीएम सिटी नीरज खरे को एक ज्ञापन सौंपकर लापता लड़की की अविलम्ब तलाश कराने और दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग उठाई। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में वन स्टॉप सेंटर से लड़की के गायब होने में कोलगवां थाना के हेड कॉन्स्टेबल रामानुज शर्मा और वन स्टॉप सेंटर की ज्योति और शर्मा मैडम की भूमिका होने के आरोप लगाए गए हैं। विहिप ने ज्ञापन में बताया कि लड़की के माता-पिता के साथ पुलिस अधीक्षक को भी संगठन ने आवेदन प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि,एसपी ने भी संजीदगी नहीं दिखाई। पुलिस के ऐसे ही रवैए के कारण लव जिहाद की जहां घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं संज्ञान में आए मामलों पर भी सख्त और जल्द ही कार्रवाई न होना चिंता का विषय है। विहिप नेता सचिन शुक्ला ने बताया कि जब तक लड़की नहीं मिलेगी तब तक प्रदर्शन का क्रम जारी रहेगा। सभी प्रखंडों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। पत्रक वितरण कर जन जागरण-जनमत संग्रह किया जाएगा। जगह-जगह धरने दिए जाएंगे और मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

# बाल विवाह करने पर होगी सजा और जुर्माना

### बाल विवाह की सूचना कंट्रोल रुम के दूरभाष 07672-494353 पर दे सकते हैं नागरिक



**सतना।** बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी रूप से अपराध है। विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सौरभ सिंह ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को रोकने की सूचना देने जिला बाल संरक्षण कार्यालय सतना में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रुम के दूरभाष क्रमांक 07672-494353 पर कोई भी नागरिक क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा बाल विवाह की शिकायत चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर भी की जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिये सतना जिले के सभी परियोजना अधिकारियों को भी सूचित किया जा सकता हैं। उन्होने बताया कि सतना शहरी-2 परियोजना के परियोजना अधिकारी अरुणेश तिवारी के मोबाइल नंबर 9425194729,सतना शहरी-1 के परियोजना अधिकारी पुनीत शर्मा के मो.नं. 9424316692 पर बाल विवाह होने के सूचना दी जा सकती है। इसी प्रकार चित्रकूट-1 और सोहावल के परियोजना अधिकारी अभय द्विवेदी को मो.नं. 9424315078, नागौद-1 और 2 के परियोजना अधिकारी इंद्रभूषण तिवारी को मो.नं. 9826529407,चित्रकूट-2 की परियोजना अधिकारी रीता द्विवेदी को मो.नं. 8719078796,रामपुर बघेलान-2 के परियोजना अधिकारी सुरेंद्र सिंह को मो.नं.8839882295,उचेहरा के परियोजना अधिकारी रविकांत शर्मा को मो.नं. 7000232227 एवं रामपुर बघेलान-1 के परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी को मो.नं. 9977217939 पर सूचना दी जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि समाज में अब बाल विवाह होने की घटनाओं में कमी आई हैं। लेकिन यदि कहीं पर भी बाल विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है तो आमजन तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा पुलिस थाने को इसकी सूचना दें। विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरू तथा विवाह से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे बारातघर,हलवाई,विवाह घर संचालक,बैण्डबाजे वाले आदि बाल विवाह होने पर तत्काल सूचना दें। बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। इसके तहत बाल विवाह से पीड़ितों को सुरक्षा और राहत प्रदान करने के साथ-साथ बाल विवाह को प्रोत्साहित करने एवं उसे संपन्न कराने वालों पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें दो वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान बरकुला को कारण बताओ नोटिस जारी

**सतना।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर विकास सिंह ने शासकीय उचित मूल्य दुकान बरकुला के सेल्समैन द्वारा राशन वितरण के कार्य में अनियमितता और दुकान संचालन में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी की है।

जारी नोटिस में कहा गया है कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मैहर द्वारा उचित मूल्य दुकान की जांच करने पर पाया गया है कि सेल्समैन द्वारा माह जनवरी में 110 एवं फरवरी में 190 कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण किया गया है। जबकि राशन दुकान में 254 कार्डधारी रजिस्टर्ड हैं। इसी प्रकार उपभोक्ताओ से राशन वितरण के संबंध में लिये गये कथन के अनुसार उपभोक्ताओं को मार्च माह का खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा सेल्समैन द्वारा राशन वितरण के पूर्व अंगूठा (थंब इंप्रेशन) लगवा लिया जाता है। इसके 3 से 4 दिन बाद राशन का वितरण किया जाता है। जांच के दौरान दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करने पर एईडीपीएस पोर्टल में दर्ज मात्रा में अंतर भी पाया गया है। साथ ही मौके पर पीओएस मशीन,वितरण पंजी,वितरण पर्ची और स्टॉक पंजी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। दुकान में रेट सूची प्रदर्शित करने वाला बोर्ड में उपलब्ध नहीं हैं। जिसके फलस्वरुप अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा दुकान की जांच के संबंध में प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय उचित मूल्य दुकान बरकुला के सेल्समैन अजय कुमार भारती को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 3 दिवस के अंदर समाधानकारक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

# नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौतों से विवादों का किया जायेगा निराकरण

### बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ तैयारी बैठक संपन्न

**सतना।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 11 मई 2024 को जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने मंगलवार को एडीआर भवन में बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य पूर्व तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार निगम ने कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण,धन वसूली संबंधित प्रकरण,मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले,श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले,बिजली,पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले,वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर),मि अधिग्रहण से संबंधित मामले,वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे। उन्होने अधिकारियों से चर्चा करते हुये कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। बीमा कंपनी के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समझौता योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को आपसी सहमति से नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण कराने के लिये प्रेरित करें। ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें। इस मौके पर सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण पावस श्रीवास्तव,विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जिलानी सहित बीमा कंपनी के अधिकारी एवं क्लेमेंट के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# लापता कारोबारी के न मिलने से व्यापारियों में आक्रोश, पुलिस के हाथ अब तक खाली

### विंध्य चेंबर ने बुलाई आपात बैठक



**सतना।** कपड़ा व्यवसायी प्रकाश लालवानी के लापता हुए लगभग एक माह हो रहा है और पुलिस के पास आज दिन तक कोई सुराग नहीं है। इस घटना से व्यापारियों में बेहद आक्रोश है और परिवार हलाकान है। चेंबर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विंध्य चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर त्वरित कार्यवाही का अनुरोध किया था किंतु आज दिन तक पुलिस के हाथ खाली हैं और शहर में व्यवसाईयों के अंदर ही अंदर पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष पनप रहा है। व्यवसाईयों द्वारा मांग की गई की चेंबर इस विषय में ठोस कदम उठाएं। विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सतना द्वारा निर्णय लिया गया है कि 24 घंटे के अंदर इस केस में खुलासा नहीं होता तो विंध्य चेंबर 9 मई दिन गुरुवार को सायं 4 बजे चेंबर सभागार सतना में सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रमुख व्यवसाईयों की बैठक बुलाकर आंदोलन की रूपरेखा बनाएगा।

### दुकान संचालन आदेश को संपादित कर नियम विरुद्ध खाद्यान्न वितरण करने पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**सतना।**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर विकास सिंह ने बताया कि अनुविभाग स्तरीय समिति की अनुशंसा पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आमातारा को शासकीय उचित मूल्य दुकान कोइलारी के संचालन के लिये जारी आवंटन पत्र को निरस्त करते हुये नवीन संस्था नमो स्व-सहायता समूह को दुकान संचालन के लिये आवंटन पत्र जारी किया गया था। लेकिन गौरा स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कमलवती जैसवाल के पति रामसुजान जैसवाल ने सेल्समैन राजेंद्र चौधरी की मिलीभगत से आवंटन आदेश को कंप्यूटर से एडिट करवाकर उचित मूल्य की दुकान की दीवाल पर चस्पा कर नियम विरुद्ध खाद्यान्न का वितरण किया गया है। नमो स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सुधा विश्वकर्मा के पति गबूचंद विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत किये गये शिकायत पत्र के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर ने थाना प्रभारी, बदेरा को मामले की जांच करते हुये दोषी व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुये इसकी सूचना से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं।

### सेन जी महाराज का जन्म उत्सव एवं शोभा यात्रा का कार्यक्रम संपन्न

**सतना।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जन्म उत्सव कार्यक्रम सेन समाज विकास संगठन नागौद के तत्वाधान नागौद जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामचरित सेन एवं सुरेश सेन ब्लॉक अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष विनोद सेन,जसो अध्यक्ष प्रकाश सेन,रामबाहोरी सेन के नेतृत्व में संपन्न हुआद। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा रहे और अध्यक्षता सेन समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष और नागौद की संरक्षक श्रीमती किरण सेन रही और विशिष्ट अतिथि राजेश सेन प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष सतना हेमराज सेन,युवा जिला अध्यक्ष उपेंद्र सेन,पूर्व जिला अध्यक्ष रामाधार सेन,जगदीश सेन,पंछी लाल सेन, विशिष्ट अतिथि रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया और संगठन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामचरित सेन ने आभार व्यक्त किया।

# राशन वितरण में अनियमितता बरतने पर उचित मूल्य की दुकानों को किया गया निलंबित

### सेल्समैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिये गये निर्देश

**सतना।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर विकास सिंह ने मैहर विकासखंड की 4 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेता(सेल्समैन) द्वारा राशन वितरण के कार्य में अनियमितता बरतने पर संबंधित दुकान को निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं। इसके साथ ही कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को संबंधित विक्रेताओं (सेल्समैन) के विरुद्ध 3 दिवस के अंदर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराखुर्द,हरदासपुर,कनियारी और बिनैका में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच किये जाने पर राशन वितरण के कार्य में अनियमिततायें पाई गई हैं। जिसमें शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराखुर्द की जांच में पाया गया है कि सेल्समैन द्वारा नियमित रुप से दुकान नहीं खोलना,माह फरवरी 2024 में केवल 7 प्रतिशत परिवारों को खाद्यान्न का वितरण करना एवं दुकान में उपलब्ध स्टॉक का ऑनलाईन प्रदर्शित स्टॉक से मिलान नहीं होना पाया गया है। इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान हरदासपुर की जांच में पाया गया है कि सेल्समैन द्वारा राशन वितरण के पूर्व ही थंब इंप्रेशन ले लिया जाता है। लेकिन राशन का वितरण नहीं किया जाता है। उपभोक्ताओं से लिये गये कथन के अनुसार पीओएस मशीन से पात्रता पर्ची भी वितरित नहीं की जाती है। इसके अलावा नियमित रुप से दुकान नहीं खोलना,वितरण में लापरवाही बरतना,ऑनलाईन प्रदर्शित हो रही खाद्यान्न की मात्रा का भौतिक सत्यापन में अंतर मिलना एवं पंजी की मांग करने पर पंजी उपलब्ध नहीं कराने जैसी गंभीर अनियमिततायें जांच में पाई गई हैं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान कनियारी की जांच करने पर पाया गया है कि सेल्समैन द्वारा नियमित रुप से दुकान का संचालन नहीं किया जाकर राशन वितरण के कार्य में लापरवाही की जा रही हैं। इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान बिनैका द्वारा नियमित रुप से दुकान संचालित नहीं की जा रही है। शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा शासन के नियमों की अवहेलना करते हुये मोबाइल सीडिंग के कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। अभी तक केवल 83 प्रतिशत परिवारों की ही मोबाइल सीडिंग की गई है। जबकि शासन के आदेशानुसार शत-प्रतिशत परिवारों की मोबाइल सीडिंग की जानी है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये जांच प्रतिवेदन के अनुसार राशन वितरण के कार्य में अनियमितता बरती गई है और नियमित रुप से दुकान का संचालन नहीं करते हुये उपभोक्ताओं को उनके हक का राशन वितरित नहीं किया जाकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही की गई है। इसके अलावा राशन वितरण के कार्य में अनियमितताओं के संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस का उचित मूल्य दुकान तिघराखुर्द,कनियारी द्वारा जवाब नहीं दिया गया है। उचित मूल्य दुकान बिनैका द्वारा प्रस्तुत किया गया जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया है एवं उचित मूल्य दुकान हरदासपुर के सेल्समैन द्वारा अनियमितता किये जाने की बात स्वीकार की गई हैं। संबंधितों के इस कृत्य से मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015,आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन हुआ है। जिसके फलस्वरुप अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर विकास सिंह ने शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराखुर्द को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये आगामी आदेश तक अस्थायी रुप से सेवा सहकारी समिति मर्यादित झुकेही से संबद्ध किया गया है। इसी प्रकार उचित मूल्य दुकान हरिदासपुर को निलंबित करते हुये सेवा सहकारी समिति मर्यादित तिघरा,उचित मूल्य दुकान कनियारी को सेवा सहकारी समिति मर्यादित बठिया एवं उचित मूल्य दुकान बिनैका को सेवा सहकारी समिति मर्यादित अमदरा में अस्थायी रुप से संलग्न किया गया है। जारी आदेश में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराखुर्द के सेल्समैन केदार प्रसाद परौहा, उचित मूल्य दुकान हरदासपुर के सेल्समैन शिवगोपाल सिंह, कनियारी दुकान के सेल्समैन नवीन शुक्ला एवं उचित मूल्य दुकान बिनैका के सेल्समैन राजेश तिवारी के विरुद्ध 3 दिवस के अंदर संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मैहर राजीव पांडेय को दिये हैं।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान रिवारा की प्रतिभूति राशि की गई राजसात

**सतना।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर विकास सिंह ने शासकीय उचित मूल्य दुकान रिवारा की प्रतिभूति राशि 5000 रुपये शासन के पक्ष में राजसात करने का आदेश जारी किया है। साथ ही भविष्य में शासन के नियमों के विपरीत राशन वितरण में अनियमितता बरतने पर दुकान निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि मैहर जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान रिवारा में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा की गई जांच के आधार पर प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन में शासन के दिशा-निर्देशों के विपरीत राशन वितरण करना पाया गया। इस पर शासकीय उचित मूल्य दुकान रिवारा को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनियमितताओं के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। लेकिन शासकीय उचित मूल्य दुकान रिवारा द्वारा दिये गये जवाब का अवलोकन करने पर जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जिसके फलस्वरुप उचित मूल्य दुकान रिवारा की प्रतिभूति राशि को राजसात करते हुये सात दिवस के अंदर बैंक में चालान के माध्यम से राशि जमा करने के निर्देश संबंधित विक्रेता को दिये गये हैं। साथ ही चालान की प्रति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### सायबर पुलिस द्वारा एडवायजरी जारी

**पन्ना।** राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराधों की रोकथाम व जागरूकता के लिए समय-समय पर एडवायजरी जारी की जाती है। इस संबंध में इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के संबंध में जारी एडवायजरी के माध्यम से बताया गया है कि पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार के सायबर अपराधों की शिकायत देखने में आ रही है, जिसमें आम नागरिकों को किसी इंवेस्टीगेशन एजेंसी या संस्था के वरिष्ठ अधिकारी के नाम से कॉल एवं व्हाट्सएप कॉल करके बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है। आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि अनजान नंबर खासकर जो प्लस 92 से शुरू होते हैं, से आने वाले कॉल, व्हाट्सएप कॉल, वीडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं। भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई नियम नहीं है। इसलिए किसी के कहने पर अथवा डर से स्वयं को कहीं बंद न करने तथा अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी या आधार इत्यादि को किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त अवगत कराया गया है कि कोई भी संस्था निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नहीं देती। इसलिए कभी भी अपना पैसा किसी अनजान खाते में ट्रांसफर न करें। सायबर अपराध घटित होने पर नजदीकी पुलिस थाने अथवा वेबसाइट सायबर क्राइम डॉट जीओव्ही डॉट इन या सायबर क्राइम हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल किया जा सकता है।

### प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में जिले के 53 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य संचालित किया जा रहा है। कृषक आगामी 20 मई तक केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। सभी उपार्जन केन्द्रों पर पूर्व में किसानों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए थे। कलेक्टर सुरेश कुमार ने इस संबंध में पुनः संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वर्तमान ग्रीष्मकाल में तापमान में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक खरीदी केन्द्रों पर बेहतर छाया की व्यवस्था सहित शीतल पेयजल की सुलभ उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने समितियों में खड़े ट्रकों में अविलंब लोडिंग करवाने सहित निर्धारित समय पर वेयरहाउस खोलने और समय पर सर्वेयर की उपस्थिति के लिए भी ताकीद किया है।

### श्री सदानंद जी महाराज को पदमश्री अवार्ड से 28 मई को होगें सम्मानित



**पन्ना।** प्रणामी समाज के संत परमहंस संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 108 श्री सदानंद जी महाराज को भारत सरकार के द्वारा 28 मई 2024 को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इससे सम्पूर्ण प्रणामी समाज, सम्पूर्ण संत समुदाय व सम्पूर्ण सुन्दर साथ के लिए खुशी की बात है। इससे पुरे प्रणामी समाज में खुशी की लहर है।

---

**आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी का कहना 25-30 लाख का प्रोजेक्ट जरूर भेजा गया पर कोई स्वीकृत नहीं**

# जिले के अंतिम छोर आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के विकास को लेकर कितना बजट व्यय करने को लेकर साथ ही कितना हुआ बदलाव बना सवाल

कहने को तो अंतिम छोर के व्यक्तियों को लाभ की दिशा तय करने को लेकर सरकार की मंशा प्राथमिकता पर जमीनी हालात क्या है इस पर कुछ कह पाना आज भी कठिन। आदिवासी पंचायतों या कि बहुल्य क्षेत्र कल्दा को लेकर प्राथमिकता पर कार्ययोजना के तहत क्या बजट का प्रावधान जिले में किया गया। जो सरकार के द्वारा मिला वहीं क्या मांग की गई क्या बदलाव तय हुए कैसे आदिवासियों का भविष्य विकास की दिशा को लेकर आगे बढ़े बड़ा सवाल।



**पन्ना।** जिले में विकास को लेकर सबका साथ सबका विकास की बात की जाती है। वैसे भी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कल्दा की बात करें तो अंतिम छोर को लेकर हमारे जिला मुख्यालय से लगभग सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पर माना जाता है वहीं यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को लेकर आज भी विशेष कार्य योजना बजट को लेकर क्या हमारे जिले में इनके जीवन में बदलाव को लेकर तय किया जाता है। यह अपने आप में अभी भी सवाल बना हुआ है। जहां मध्यप्रदेश की सरकार व केन्द्र सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर अपने आप से प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विशेषतौर पर आगे लाने की बात की जाती है। वहीं बजट के प्रावधान की बात करें तो इनके लिए हमारे जिले में क्या किया गया यहां यह अभी भी अनसुलझा सवाल है। इस संबंध में जब बात जानने की कोशिश की गई तो पन्ना जिला के आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी आरके सतनामी से तो पता चला कि ऐसा कोई बजट का प्रावधान नहीं आया है और जो प्रोजेक्ट हमारे द्वारा 25-30 लाख के अनुमानित राशि के भेजे गये वह भी स्वीकृत नहीं हुए। यानि यहां साफ जाहिर होता है कि क्या आदिवासियो के बाहुल्य क्षेत्र कल्दा के विकास को लेकर कोई प्राथमिकता पर कार्ययोजना कहें या बजट जो सरकार के द्वारा निहित होता है वह मिला ही नहीं। तो विकास का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। यहां लोकसभा मतदान के दौरान जब कल्दा क्षेत्र के ही ग्राम सरसा की दास्ता सामने आ गई जहां आज भी अंधेरे के हालात विद्युत न पहुंचने के चलते वहीं सड़क मार्ग की दरकार जिसके चलते लोगों ने मतदान के बहिष्कार को लेकर ठाना था वह तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संघप्रिय के पहुंचने के बाद समझाईस कहें जिसके चलते मतदान भी हुआ पर इनके विकास को लेकर आज भी कठिन है क्योंकि जब तक हम अंतिम छोर के व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर कार्य योजना के तहत सफलता हांसिल नहीं करेगें तो कैसे इनमें बदलाव आयेगा। वहीं सरकार की मशां आदिवासियों के क्षेत्र व उनके जीवन में विकास के आयाम तय करने को लेकर प्राथमिकता कैसी जब बजट ही नहीं तो विकास कैसे होगा। वहीं नाममात्र का प्रोजेक्ट जिस भी प्रकार का हो यह तो आदिम जाति कल्याण विभाग अधिकारी ही जाने सरकार के द्वारा जो स्वीकृत होना था उसमें भी बजट का प्रावधान नहीं होगा यानि की बजट ही नहीं दिया गया। तो फिर विकास इस क्षेत्र का कैसे माना जाये। यह तो साफ जाहिर है कि पवई जनपद अंतर्गत अन्य पंचायत की तरह कल्दा आदिवासी बहुल्य क्षेत्र का विकास भी सामान्यतः अन्य पंचायतों की तर्ज पर ही निर्भर है फिर कैसे इनमें विकास की दिशा को लेकर आगे माना जाये जब बजट ही नहीं दिया जाता। यह तो मात्र सपने ही दिखाये जाते है यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। आज भी अंतिम छोर के व्यक्तियों के विकास की दरकार बनी हुई है जिस तरह से आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा के ग्राम सरसा के लोगों ने सड़क व विद्युत की मांग को लेकर मतदान के दौरान अपनी समस्या सामने लाई है। जो विकास को लेकर मतदान न करने को लेकर संघर्ष की कहानी बयां हो गई। अब यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। कि आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा के विकास को लेकर क्या पैमाना तय किया जा रहा है। अब तक क्या किया गया। कितना बजट इनके विकास में लगाया जा रहा है। कैसे इनका क्षेत्र विकास की मुख्य धारा में आये यह कौन तय करेगा। कब तक हालात बदलेगें यह तो अभी भी सवाल है। अभी भी कल्दा ग्राम पंचायत के ग्राम महुआ डोल के निवासी सुम्मेर सिंह, शंकर सिंह व महिला सुमित्रा आदिवासी गांव के लोगों को आवास की दरकार को लेकर आज भी इंतजार। यह अलग बात है कि ग्राम पंचायत के द्वारा सर्वे में आवास की कहानी किस मुकाम पर है कब मिलेगा इन्हें आवास यह तो इनकी ही जुबानी अभी आवास की दरकार है।

---

## स्टाप डेम का 1 गेट ले गया सरपंच और 2 ले गई सचिव, लगवाए केवल 6 गेट



**पन्ना।** जिले की कुछ ग्राम पंचायतों में अनियमिता मनमानी और भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा, अनगिनत शिकायतों और समाचारों के बावजूद कमीशनखोरी अनियमितता और भ्रष्टाचार लगातार जारी है। ताजा मामला पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनहरा का सामने आया है जहां किसानों को सिंचाई और पशुओं को पीने के पानी के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्टाप डैम का निर्माण करवाया गया, जिसमें जमकर अनियमितता और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया, इसके बाद भी पंचायत कर्मियों का मन नहीं भरा और वह स्टाप डेम के स्वीकृत 9 गेटों में केवल 6 गेट ही लगाए गए, और 3 के बीच मिट्टी भरकर स्थाई रूप से बंद कर दिया गया। ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों से शिकायत करने पर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया, मामला मीडिया के संज्ञान में आने पर पता चला कि 9 में से केवल 6 गेट ही लगाए गए हैं। 3 गेटों के बारे में बताया गया कि एक गेट सरपंच आसाराम ले गए और 2 गेट सचिव नीता प्रजापति ले गई है। इसी प्रकार की मनमानी और भ्रष्टाचार अन्य निर्माण कार्यों और योजनाओं में भी बताई जा रही है। मामले के संबंध में जब सरपंच से बात की गई तो उनके द्वारा भी गेट ले जाना स्वीकार किया गया, अब सवाल यह उठता है कि ग्राम पंचायत के विकास और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा भारी भरकम बजट उपलब्ध करवाया जाता है जिसे ग्राम पंचायत के अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि इस प्रकार बंदरबांट कर रहे हैं। शिकायतों और समाचारों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में क्या कार्रवाई होती है या फिर अन्य मामलों की तरह इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

**पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनहरा में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार चरम पर**

## श्री जुगुल किशोर महालोक से धार्मिक नगरी पन्ना के मंदिर विकास की मुख्य दिशा व पर्यटन को लेकर आकर्षण का केन्द्र बनेंगे, कब होगा सपना साकार






**पन्ना।** मध्यप्रदेश में वैसे तो अभी भी आचार संहिता प्रभावशील है। पर लोकसभा चुनाव का मतदान हो जाने के बाद विकास को लेकर ही प्रमुखता से फोकस माना जा रहा है। पन्ना धार्मिक एवं पवित्र नगरी तथा हीरे के नाम से अपनी पहचान को लेकर प्रख्यात है। यहां के स्टेट के समय के मंदिर अपने आप में यहां के प्राचीन समय से अपनी धार्मिक प्रवृत्ति को यहां के स्टेट के समय के राजाओं की सोच के चलते अलग ही नगर में यह वर्तमान समय में भी देखने को मिलता है। पन्ना को तभी धार्मिक नगरी के नाम से तथा पवित्र नगरी को लेकर भी माना जाता है धार्मिक नगरी में जितने मंदिर प्रमुख रूप से नगर के अंदर है उनमें से प्रमुख मंदिर भगवान श्री जुगुल किशोर को लेकर यहां के लोगों के आस्था का केन्द्र माना जाता है तत्कालीन इस विधानसभा चुनाव के पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा घोषणा की गई थी उज्जैन की तर्ज पर जिस तरह से उज्जैन में विकास की दिशा महालोक के नाम से तय की गई वैसे ही पन्ना में भगवान जुगुल किशोर महालोक के तहत विकास के कुछ नये आयाम तय होना माना जा रहा है। जिनमें प्रमुख मंदिरों को आपस में आवागमन के मार्ग के विकास की परिकल्पना तय की गई है अब यह तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पन्ना ही अब तक क्या हुआ क्या होना है कैसे विकास का आयाम तथा धार्मिक नगरी पन्ना में भावी भविष्य को लेकर यहां के धरोहर कहें या आस्था का केन्द्र जिस तरह से पन्ना नगर मंदिरों की नगरी कहलाता है वहीं भगवान श्री जुगुल किशोर जो यहां के लोगों के आस्था का केन्द्र है विकास के आयाम कब तक तय करके सपने जो दिखाये गये है उन्हें साकार करने की दिशा तय की जायेगी। जिससे पन्ना का गौरव यहां के मंदिरों से और भी आगे विकास के नाम पर जाना जाये साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में भी जहां पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र हो सकेगें। क्योंकि पन्ना नगर जहां टाईगर रिजर्व के होने के कारण यहां के मंदिरों में भी दर्शन लाभ लेने के लिए पर्यटकों का आवागमन बढ़ सकता है। साथ ही पन्ना की परिकल्पना जो आगे आने वाले समय में अन्य जिलों की तुलना में अलग ही विकास से ही साबित होगी। पर्यटन तथा धार्मिक नगरी पन्ना के विकास में यहां के मंदिर जो अपने आप में बेजोड़ है स्टेट समय के विशालकाय मंदिर निश्चितौर पर बुन्देलखण्ड व बघेलखण्ड की बात क्या करें प्रदेश में भी अलग ही पहचान रखते है। फिर भी जो तय हुआ स्मार्ट सिटी की तर्ज पर कहीं विकास सिमिट न जाये वास्तविकता में जुगुल किशोर महालोक को लेकर जो सपने सजाये गये उन्हे साकार करने को लेकर आज भी इंतजार।

## सेन समाज ने धूमधाम से मनाया संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती

**जबेरा।** जबेरा नगर सर्वसेन समाज ने संत शिरोमणि सेन महाराज की 724 वा जन्मोत्सव हर्षोल्लाह उसके साथ मनाया। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेन महाराज की छवि माल्यार्पण करते हुए हवन पूजन के साथ संगीतमय भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सेन समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया इस अवसर पर संत शिरोमणि सेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह ग्राम वासियों द्वारा स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया शोभायात्रा में शामिल महिला पुरुषों और बच्चों को शीतल पेयजल व्यवस्था नगर वासियों के द्वारा की गई। सेन समाज के द्वारा सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षा एवं कला क्षेत्र अन्य विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का शील्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाव सिंह लोधी द्वारा सम्मानित किया गया। समाज के बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। बीते वर्ष की तरह इस वर्ष में कला संगीत के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वाले भाई श्याम सेन बेगाना की स्मृति चिन्ह और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्व सेन समाज के उपस्थित जनों का धन्यवाद रूपेश सेन के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेन समाज जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष जयंत रिंकू सेन व आभार प्रकट शिक्षक सोहन सेन चंद्रिका सेन के द्वारा व्यक्त किया गया।



## श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया गोवर्धन पूजा का प्रसंग

### प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा : पं उमाशंकर शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



गढ़ाघाट ग्राम मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पंडित उमाशंकर शास्त्री ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहां की नंद उत्सव के पश्चात भी बधाइयां देने का हर्षोल्लास बना रहा तब कंस के आदेश पर पूतना नाम की राक्षसी अपने स्तनों में जहर लगाकर भगवान कृष्ण को मारने आई। उसे देखकर भगवान ने नेत्र बंद कर लिए पूतना भगवान को उठाकर आकाश मार्ग में ले गई भगवान ने दूध के साथ पूतना के प्राणों को भी पी लिया और उसका उद्धार कर दिया। महाराज जी ने कथा के प्रसंग में श्री राधा जन्मोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया और शिक्षा प्रदान की बेटा बेटी में भेद नहीं समझना चाहिए एक समान दृष्टि रखना चाहिए शहनाई उसी के घर बजती है जिसके यहां बेटी का जन्म होता है। प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान ने अघासुर बकासुर धनु का सुर आदि कई राक्षसों का उद्धार किया माखन चोरी लीला का समाज को संदेश दिया कि पहले अपने परिवार को पुष्ट करें फिर विक्रय करें। चीर हरण लीला के अंतर्गत प्रभु ने समझाया कि जलाशय में कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान ना करें ऐसा करने से जल के देवता वरुण देव का अपमान होता है।यमुना जी को कालिया नाग के प्रदूषण से मुक्त कराया और यमुना जल को स्वच्छ किया लेकिन आज कई कालिया उत्पन्न हैं जो भारत देश की स्वच्छ नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं आज हमारे देश की नदियां प्रदूषित हो गई हैं समाज को एकजुट होकर नदियों को प्रदूषण से मुक्त कराना चाहिए जिससे वह पहले की भांति स्वस्थ हो जाएं। गोवर्धन पर्वत पूजा करवाई श्री कृष्ण ने ब्रज वासियों से पर्वत पूजा का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण का यही था की प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है। महाराज जी ने बताया कि भगवान कृष्ण का एक नाम वनमाली भी है क्योंकि वह प्रकृति से बहुत स्नेह करते हैं प्रकृति है तो ही संसार है श्री गिरराज महाराज को 56 भोग लगाया गया प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने गौवंश के व्यवस्थापन के संबंध में दिए निर्देश




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. गौ संवर्धन बोर्ड के निर्देशानुसार सड़कों पर विचरण करते गौवंश को मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से निर्मित गौशालाओं में व्यवस्थापन करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ और विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी व पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर निर्मित 100 गौवंश क्षमता की गौशालाओं का संचालन वर्तमान में ग्राम पंचायत अथवा आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि विकासखण्ड स्तर पर संचालित निर्धारित क्षमता से कम गौवंश वाली गौशालाओं में सड़कों पर विचरण करते गौवंश का व्यवस्थापन कराया जाए। गौवंश के व्यवस्थापन से आवागमन में बाधा की संभावना समाप्त होगी। साथ ही आश्रयविहीन गौवंश के सड़कों पर विचरण करने से दुर्घटना की संभावना पर भी रोकथाम लगेगी। वर्तमान में जिले के पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत श्री राधाकृष्ण गौ समिति बड़ागांव में 50 एवं कृष्णा गौ समिति राजापुर में 40, गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत देव गौरी गौशाला सिरी में 52, गौशाला ग्राम पंचायत कोट में 49 एवं गौशाला ग्राम पंचायत सुगरहा में 30 तथा पवई विकासखण्ड अंतर्गत सुरभि गौशाला समिति मोहन्द्रा में 19, कान्हा गौशाला समिति कल्दा व मां दानदाई गौशाला ग्राम पंचायत कोठी में 48-48 गौवंश का व्यवस्थापन किया जा सकता है।

## नौनिहाल विद्यार्थियों के स्वागत का कार्यक्रम "विद्या प्रवेश"

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में सम्पन्न





**पन्ना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में कक्षा पहली में प्रवेश पाने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित विद्या प्रवेश कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष प्राचार्य एवं बच्चों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में पीपीटी प्रदर्शन के माध्यम से अभिभावकों को "अभिभावक दिशा निर्देशन कार्यक्रम" के तहत केन्द्रीय विद्यालय संगठन की कार्यप्रणाली, फीस जमा करने की विधि, विद्यालय में आयोजित होने वाली पाठ्येत्तर गतिविधियों के बारे में बताया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियम और विद्याप्रवेश कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर कक्षा अध्यापकों के द्वारा अपना परिचय भी दिया गया। विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों के समावेशी विकास के लिए होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्या प्रवेश कार्यक्रम 12 सप्ताह तक चलाया जाएगा व इसके अंतर्गत बच्चों की भाषा, हाव-भाव, आसपास के वातावरण का निरीक्षण, लेखन कौशल और संख्यात्मक कौशल का विकास किया जाएगा। प्राचार्य अमित दाहिया ने बच्चों को वेलकम कार्ड और चॉकलेट देकर स्वागत किया तथा प्राचार्य द्वारा फीस पोर्टल के बारे में, शिक्षा मंत्रालय के द्वारा प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए एफएलएन (मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता) के बारे में अवगत कराया। बच्चों से रेन क्लैप करवाया गया, जिसे बच्चों ने आनंदित होकर किया। प्राचार्य ने बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राथमिक शिक्षिका नेहा जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## लकड़ी माफियाओं से सांठगांठ के बीज निगम कर्मचारी उजाड़ रहे हरे पेड़

# भारी मात्रा में काटे जा रहे हैं पेड़

**शासकीय तिदंनी कृषि फार्म पर हरे पेड़ों पर चल रही आरी**

शहर की सीमा से लगे तिंदनी में स्थित शासकीय कृषि फॉर्म में इन दिनों पेड़ लगाने के बजाय हरे पेड़ों पर आरी चल रही है, कृषि फॉर्म में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों की लकड़ी माफियाओं से मिलीभगत के चलते चंद रुपयों के लिए बीते कुछ दिनों में एक सैकड़ा से अधिक पेड़ों को काटकर जमींदोज किया जा चुका है।





नौगांव।

दूसरे शब्दों में कहें कृषि फॉर्म पेड़ों के लिए संरक्षित स्थान न होकर अब श्मशान से कम साबित नहीं हो रहा है। मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के नौगांव क्षेत्र में स्थित तिंदनी कृषि फॉर्म में इन दिनों हरे भरे पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। कोरोना महामारी की लहर ने सभी को पेड़ों द्वारा मिलने वाली ऑक्सीजन के महत्त्व को बखूबी समझाया है। कि आक्सीजन की कमी से किस तरह लोग अपनों की आंखों के सामने दम तोड़ रहे थे । ऐसे में आक्सीजन की किल्लत को दूर करने के लिये सरकार द्वारा हरे पेड़ों को बचाने एवं पेड़ों के लगाने में करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन शासकीय कृषि फार्म के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे, कृत्य ने दुस्साहस की पराकाष्ठा को पार कर अपना असली चेहरा दिखा दिया है। जिससे क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी आहत है। कृषि फार्म के अंदर की हकीकत उस समय सामने आई जब दोपहर के वक्त चिलचिलाती धूप और बाइक पर तेज़ गर्म हवाओं के बीच पारा आसमान छू रहा है। और छांव को तलाशते हुये एक पेड़ के पास बाइक रोकी तो छांव के नीचे बैठे दो ग्रामीणों में से एक ग्रामीण ने हमें देखते हुए। फार्म की तरफ इशारा करते हुए। बोला देखो फार्म के अंदर पेड़ को मार के मरघट बना रहे हैं। ग्रामीण की बातों की सच्चाई जानने फार्म के अंदर का एक आम इंसान की तरह जायजा लिया तो ग्रामीण की कही बातों में सच्चाई नजर आई कृषि फार्म के अंदर पेड़ों के काटने के बाद पेड़ के नीचे का तना इस बात की गवाही दे रहे थे। कि यहां पेड़ों को काटा जा रहा है। शासकीय कृषि फार्म के अंदर जिस प्रकार पेड़ों की बलि ली जा रही है उससे यहां की संपदा खतरे में है । फॉर्म के अंदर बीते कई दिनों से हरे पेड़ों पर आरी चल रही है जिसके चलते अब तक दो सैकड़ा से अधिक पेड़ को काटकर जमींदोज कर दिया गया है। इतना ही नहीं यहां पदस्थ कर्मचारियों से जुड़े लोगों की बात पर यकीन किया जाये तो फार्म का ट्रैक्टर भी कमाई का जरिया बना हुआ है। जिसे रात होते ही जुताई के लिये दिया जाता है। और सुबह होने पर ट्रैक्टर फार्म में पहुंचा दिया जाता है। इन सब सवालों के बीच मऊसहानिया स्थित कृषि फार्म भी शंकाओं के घेरे में है।

दरअसल जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारी कृषि फार्म का औचक निरीक्षण व योजनाओं की मानीटरिंग करने की जहमत तक नहीं उठाते जिसका नतीजा है कि कृषि फार्म में जो सामग्री नियमानुसार आती है ।उसमें भी बड़े पैमाने पर अनियमितताये किये जाने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि लकड़ी नियमों के विरुद्ध चल रहे ईट भट्टों के संचालकों को बेची जाती है। दूसरी ओर पर्यावरण के नाम पर कभी दिवस, कभी सप्ताह व गोष्ठियां आयोजित कर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे है। और संदेश देने वाला विभाग खुद सोया हुआ है।

## खबर संक्षेप



### मजदूरी के पैसे मांगे तो मालिक ने पीटा

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम नदगांय कला में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। घायल युवक का कहना है कि गांव के एक व्यक्ति से उसने अपनी मजदूरी के पैसे मांगे थे, जिससे नाराज होकर उक्त व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट की है। जिला अस्पताल में भर्ती नदगांय कला निवासी अमोल यादव ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी पर गांव के सुनील यादव का ट्रैक्टर चलाता है। बीते रोज अमोल ने सुनील से अपनी मजदूरी के पैसे मांगे थे, जिससे नाराज होकर सुनील यादव और बिहारी यादव ने घर में घुसकर लाठी-डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट में अमोल को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बीच-बचाव करते वक्त अमोल का भाई रोहित भी घायल हुआ है। अमोल के मुताबिक वह ईशानगर थाने में रिपोर्ट करने गया था लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है।

### चौपाल लगा रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष



**छतरपुर।** शहर में चल रहीं विभिन्न गतिविधियों पर जनता के साथ विचार-विमर्श करने की मंशा से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा छतरपुर गौरव चौपाल लगाई जा रही हैं। इस चौपालों के माध्यम से श्री सिंह शहरवासियों से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। इसी क्रम में बीती शाम पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने शहर के देरी पर गौरव चौपाल लगाई, जिसमें स्थानीय रहवासियों के साथ देशी व्यंजन ठडूला खाते हुए उन्होंने शहर की धरोहरों के रख-रखाव, परंपराओं और शहर में बढ़ रहे अपराध पर चर्चा की। श्री सिंह ने कहा कि इन दिनों शहर में अपराधिक गतिविधियां बढ़ रहीं हैं, जिस पर पलिस-प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने शहर में फैली अव्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए शहर को सुंदर बनाने के लिए आम लोगों से सुझाव भी लिए।

### उपभोक्ता लोक अदालत 11 जून को

**छतरपुर।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के निर्देशन में छतरपुर जिले में लोक अदालत का आयोजन 11 जून 2024 को जिला उपभोक्ता कार्यालय छतरपुर में किया जाना है। जिला लोक अदालत में जो पक्षकार अपने प्रकरण को आपसी सहमति के कारण प्रकरण को समाप्त करना चाहते है। उन सभी से अपील की गई है कि बिजली, इलेक्ट्रॉनिक समान, बीमा क्लेम, हेल्थ पॉलिसी, बैंकिंग लोन, बिल्डर वायर एग्रीमेंट से संबंधित प्रकरणों का निराकरण के लिए कार्यालय में उपस्थित होकर पक्षकार अपने प्रकरण में निर्णय करा सकते है।

### चाईल्ड पोर्नोग्राफी आईटी एक्ट के तहत अपराध

**छतरपुर।** राज्य सायबर पुलिस भोपाल द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें कहा गया कि वर्तमान डिजीटल परिवेश में जब हम व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हैं एवं कई ग्रुपों में भी हमें परिचितों व अंजान व्यक्तियों द्वारा जोड़ लिया जाता है, इन ग्रुपों में ऐसी वीडियो या चलचित्र सामग्री, जिनमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लैंगिक प्रदर्शन करते हुए या इस तरह की एक्टिविटी में संलिप्त दिखाया जाता है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। यदि आप चाईल्ड पोर्नोग्राफी तैयार, संग्रहित, प्राप्त, डाउनलोड, आदान-प्रदान वितरित अथवा ब्राउज/सर्च करेंगे या बढ़ावा देंगे तो आईटी एक्ट की धारा-67बी, आईपीसी की धारा 354 सी तथा पोस्को की धारा 11/12 के तहत अपराधी बन जाएंगे।

**यह बरतें एहतियात** - सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि के ऐसे ग्रुपों में न जुड़ें जिनमें चाईल्ड पोर्नोग्राफी का आदान प्रदान होता है।

# तालाब में नहा रहे दो चचेरे भाईयों की डूबने से हुई मौत

**12 घंटे में मिले दोनों बच्चों के शव, जांच में जुटी पुलिस**



छतरपुर।

जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के एक गांव में तालाब में नहाने गए दो 2 नाबालिग बच्चों की डूबने से मौत होने की घटना सामने आई है। घटना की जानकारी लगते ही बच्चों के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। देर रात तक दोनों शवों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू किया गया, एक शव रात को मिल गया था, जबकि दूसरे बच्चे का शव मंगलवार की सुबह से मिला। दोनों शव बरामद कर, पीएम के लिए भेजे गए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमीठा थाना अंतर्गत आने वाली चन्द्रनगर चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूरजपुरा के भरवा गांव के रहने वाले चचेरे भाई कृष्णा पुत्र कल्लू अहिरवार उम्र 15 वर्ष और बॉबी पुत्र मनसुख लाल अहिरवार उम्र 11 वर्ष सोमवार की शाम करीब 5 बजे गांव में मौजूद मुरम की खदान में नहाने के लिए गए थे। चूंकि दोनों बच्चों को तैरना नहीं आता था और नहाते वक्त वे गहराई में जाने के कारण दोनों डूब गए। बच्चों के डूबने की सूचना मिलने के बाद उनके परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। शवों की तलाश हेतु गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। एक बच्चे के शव को सोमवार की रात को बाहर निकाला लिया गया था तबकि दूसरा शव मंगलवार की सुबह बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर भेजा। एक साथ दो बच्चों की मौत होने से अहिरवार परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में मातम का महौल है।

#### इनका कहना है

दोनों बच्चे सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे दोनों घर से निकले थे। देर शाम तक जब वापिस घर नहीं गए तो उनकी तलाश शुरु की गई। इसी बीच गांव के ही कुछ लोगों ने बच्चों के तालाब में डूबने की जानकारी परिजनों तथा पुलिस को दी। दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। चंद्रनगर चौकी प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार द्वारा मर्ग कायम कर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

**विक्रम सिंह, एएसपी, छतरपुर**

## गोयरा गांव में 19 वर्षीय बालिका का अर्धनग्न अवस्था में मिला शव

**पुलिस अधीक्षक ने मौका स्थल का किया निरीक्षण**

**सरबई।** गोयरा थाना अंतर्गत गोयरा गांव में उस समय सन सनी फैल गयी। जब गांव के छोटी पहाड़ी में सुबह 19 वर्षीय युवती का शव अर्धनग्न अवस्था मे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों के बतायेनुसार युवती बीते रोज शाम को शौच के लिए घर पर कह कर गयी थी, फिर लौट कर नही आयी। सुबह एक चरवाहे को छोटी पहाड़ी में बालिका का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित पुलिस अमला घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का मौका मुआयना किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन पीड़ति परिवार से मिले और मामले का जल्द खुलासा करने का अस्वासन दिया।



## गौ सेवा ही सच्ची भगवत सेवा है: श्री किशोर दास महाराज



**छतरपुर।** हिंदू उत्सव समिति हर वर्ष ग्रीष्मकाल में बेजुबान जानवरों के पीने के पानी की उपलब्धता हेतु पशु पक्षी पेयजल अभियान शुरू करती है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर पानी की टंकियां और मिट्टी के सकोरे व्यवस्थित किए जाते हैं ताकि पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सके। इस वर्ष भी इस अभियान की शुरुआत श्री धाम वृंदावन स्थित गोरी लाल कुंज के महंत पूज्य श्री किशोर दास महाराज के पावन सानिध्य में हुई। महाराज श्री ने कहा कि गौ सेवा साक्षात श्री भागवत सेवा है। गौ माता को पशुवत मानकर उनके साथ जो व्यवहार किए जाते हैं उसका परिणाम भी भोगना पड़ता है।

बीती शाम शहर के जवाहर रोड पर खड़े हनुमान जी के पास स्थित रैकवार समाज के मंगला काली मंदिर से पशु पक्षी पेयजल अभियान की शुरुआत हुई। हिंदू उत्सव समिति के इस अभियान की शुरुआत गोरेलाल कुंज के महंत जी ने की। उन्होंने कहा की गौ माता ही जगत जननी यज्ञेश्वरी माता है। गौ माता की पूजा साक्षात श्री ठाकुर जी की पूजा है। गर्मियों में हमें पशु पक्षियों के पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए। हिंदू उत्सव समिति अत्यंत पुनीत कार्य कर रही है। ऐसे कार्यों में हम सबको भागीदार बनना चाहिए। समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने कुछ लोगों को मिट्टी के सकोरे उपलब्ध कराये जिनके माध्यम से उन क्षेत्रों के वृक्षों में सकोरे टांगे जाएंगे जहां पक्षियों की अधिकता है। इस अवसर पर रैकवार समाज के दिलीप रैकवार पल्ली दादा, हरगोविंद गुप्ता, साहू समाज के अध्यक्ष सहित सुधीर खरे, गणेश दत्त भार्गव, अशोक दुबे, राजेश पिपरसानियां, कमल अवस्थी, देवेश चतुर्वेदी, हिमांशु अग्रवाल, सुमित कौशिक, सत्यम चतुर्वेदी,प्रिंस साहू के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई



छतरपुर।

कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर के मीटिंग हॉल में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य मनीष रूसिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने प्राचार्य को निर्देश दिये कि इस तरह की बैठक निरंतरता के साथ हो। जिससे कि केन्द्रीय विद्यालय का विकास और भी बेहतर तरीके से हो सके। पिछली मीटिंग 13 अक्टूबर 2023 के बिन्दुओं पर चर्चा कर उनकी स्थिति का आकंलन पूर्ण रूप से संपन्न किया गया।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने बजट का उत्कृष्ट उपयोग करने के निर्देश दिये और यह भी कहा कि राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए। जितनी भी स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की आवश्यकताओं को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा फील्ड विजिट पर लेकर जाये और कार्यालयों का भ्रमण करवाएं जिससे वो उनकी कार्यप्रणाली को समझ सके। नगरपालिका के साथ मिलकर वर्मीकम्पोस्टिंग में बच्चों के साथ भागीदारी करें। स्कूल के समीप क्लीनअप ड्राइव का आयोजन करें। जिससे कि स्वच्छता का पाठ उन्हे प्रत्यक्ष रूप से मिल सके। स्कूल परिसर में खेलों के लिए मूलभूत संरचना की पूर्ति करें। इन बैठकों में बच्चों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। स्कूल प्रांगण में सोलर पैनल के जरिए सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधन के बारे में बच्चों को अवगत कराएं। कार्बन केडिट कमाने के लिए प्रिसिंपल महोदय को विशेष आग्रह किया गया। स्कूल परिसर में रेडियो क्लब की स्थापना भी करवाएं, जिससे बच्चों की कुशलताओं में बढ़ोत्तरी हो सके। स्कूल में बच्चों को समक्ष हर एक व्यवसाय के रूप में अतिथि के रूप में बुलाकर ज्ञान का संचार करें।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा की और उनके भविष्य के योजनाओं के बारे में जानकारी ली। स्कूल परिसर में खेल मैदान और स्पोर्ट रूम का निरीक्षण करते हुए सुझाव के निर्देश दिये। कक्षा 10वीं के छात्राओं को मन लगाकर पढऩे, बिना मानसिक तनाव के पढऩे और सकारात्मक रूप से अपने विद्यार्थी जीवन का निर्वहन कर आनंद लें।

## बच्चों की छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक संपन्न

छतरपुर।



कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार का छात्रवृत्ति समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर डीईओ एम.के. कोटार्य, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग डॉ. प्रिंयका राय सहित विकासखण्ड अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने अत्यंत निराशा व्यक्त करते हुए यह कहा कार्यवाही सिर्फ कागज पर न होकर वास्तविकता में एक सकारात्मक बदलाव के लिए होनी चाहिए। बच्चों के भविष्य को लेकर उन्होंने चिन्ता जाहिर की और कहा कि छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का निपटारा जल्द से जल्द हो। उन्होंने हर तहसील के नोडलों से वार्तालाप कर समस्याओं को समझा और कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में अनुपस्थित शासकीय विद्यालय मातगुवां, बिजावर एवं बसारी के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। छात्रवृत्ति की लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

## छतरपुर विश्वविद्यालय में जमकर हुआ हंगामा



**छतरपुर।** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा किया। विद्यार्थियों ने सप्लीमेन्ट्री परीक्षा के खराब परिणाम, कैम्पस में स्वच्छता, जल व्यवस्था आदि की बदत्तर स्थिति जैसे मुद्दों पर कुलसचिव के कक्ष का घेराव करते हुए यहां जमकर नारेबाजी की। विद्यार्थी परिषद के अजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन लगातार विद्यार्थियों की अनदेखी कर रहा है। कक्षाओं में बैठने के लिए स्थान नहीं है, पीने के लिए पानी नहीं है, परीक्षा की जांच के नाम पर लापरवाही हो रही है, बार-बार शिकायत करने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रबंधन सुधार नहीं करता इसलिए इस बार हमने कुलसचिव के कक्ष में बैठकर ही चार घंटे तक प्रदर्शन किया है। अंतिम बार ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग करते हुए विद्यार्थी परिषद के नेताओं ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

### भक्त राज केवट जन्मोत्सव 15 मई को, ढिमरयाई मृदंग होगा आकर्षण का केंद्र

**छतरपुर।** जिला रैकवार माझी समाज आने वाली 15 मई को भक्तराज केवट जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस अवसर पर ढिमरयाई मृदंग का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगा। ढीमरा कीने मेक दओ जाल गीत सबने सुना होगा लेकिन असली ढिमरयाई क्या है यह कम लोग ही जानते हैं। रैकवार समाज के पारंपरिक गीत की प्रस्तुति करते हुए समाज की ओर से लुप्त हो रही इस विधा को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

